अतिमहत्वपूर्ण/विशेषध्यानकर्षण/ईमेल द्वारा।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/पीपीपी0 मोड,
निजी क्षेत्र की संस्थायें।

**पत्रांकः प्राशिप/अनु06/वि0से0परी0/2025/** 4425 लखनऊः दिनांकः- 29.10.2025

**विषयः विषम सेमेस्टर/स्पे0 बैक पेपर, परीक्षा नवम्बर–दिसम्बर 2025 हेतु अध्ययनरत नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं का नामाकंन कार्य पूर्ण कराये जाने के संबंध में तिथि विस्तार किये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन लखनऊ के शासनादेश संख्या।/869158/2025/16–3099/12/2019, दिनांक 03/02/2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके अनुक्रम में परिषद कार्यालय द्वारा पत्र संख्या प्राशिप/अनु06/नव0 2025–26/3902, दिनांक 10/10/2025, प्राशिप/अनु06/वि0से0परी0/2025/3989, दिनांक 15/10/2025 के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं का नामांकन कार्य दिनांक 25/10/2025 **(छायाप्रति संलग्न)** तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये गये हैं, किन्तु कतिपय संस्थाओं द्वारा निर्धारित दिनांक तक नामांकन कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, यह अत्यन्त खेद का विषय है।

अतः छात्रहित में निर्णय लेते हुए परिषद द्वारा नामांकन की अंतिम तिथि 25/10/2025 से बढ़ाकर दिनांक 31/10/2025 तक विस्तारित की जाती है। उक्त के उपरान्त परिषद द्वारा नामांकन हेतु तिथि विस्तार नहीं की जायेगी। अतः निर्देशित किया जाता है कि अपनी संस्था में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का नामांकन कार्य निर्धारित दिनांक तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लें, चूंकि परिषद द्वारा अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म भराने हेतु पोर्टल दिनांक 01/11/2025 से 07/11/2025 तक खोला जाना निर्धारित है। शेष निर्देश पूर्ववत् रहेगें।

**संलग्नक– यथोपरि।**

भवदीय

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

**पृ0सं0 प्राशिप/अनु06/वि0से0परी0/2025/** 4426-29 **तद्दिनांकः–** 29-10-2025

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक ,प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को उपरोक्त के संबंध में निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

शीर्ष प्राथमिकता/अति महत्त्वपूर्ण

संख्या:I/869158/2025 /16-3099/12/2019

2348

प्रेषक,

अ.मु.स.(प्र.वि.) नरेन्द्र भूषण
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, कानपुर।

13/2/25

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः03-02-2025

विषयः-सत्र 2025-26 हेतु प्रदेश के समस्त राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की पॉलिटेक्निक संस्थाओं के लिए शैक्षिक कैलेंडर के निर्धारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

शैक्षिक सत्र का नियमित और सुव्यवस्थित संचालन शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को बनाए रखने के साथ-साथ न केवल विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को सुचारू बनाता है, अपितु संपूर्ण शैक्षणिक वातावरण को अनुशासित और संगठित रखने में भी सहायक होता है। शैक्षिक सत्र का नियमित संचालन विद्यार्थियों को सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन करने का अवसर प्रदान करता है, ताकि वे विषयों को चरणबद्ध तरीके से समझ सकें और उनकी बौद्धिक क्षमताओं का विकास सुचारू रूप से हो सके।

2. शैक्षिक सत्र के नियमित रहने से विद्यार्थियों और शिक्षकों, दोनों के लिए समय प्रबंधन आसान हो जाता है तथा परीक्षाओं और मूल्यांकन की प्रक्रिया भी व्यवस्थित रहती है। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रगति के सही मूल्यांकन का अवसर मिलता है और उन्हें परीक्षा की तैयारी के लिए भी पर्याप्त समय मिलता है। शैक्षिक सत्र नियमित होने से विद्यार्थी अपनी शिक्षा को समय पर पूरा कर पाते हैं, जिससे उनके समक्ष उच शिक्षा और कैरियर के विभिन्न अवसरों के द्वार खुलते हैं। नियमित और सुव्यवस्थित शैक्षिक सत्र एक प्रभावी शिक्षा प्रणाली की आधारशिला है। यह विद्यार्थियों, शिक्षकों और समग्र शिक्षा प्रणाली के लिए लाभकारी सिद्ध होता है और समाज में ज्ञान आधारित प्रगति को सुनिश्चित करता है।

3. ध्यातव्य है कि कोरोना महामारी के दौरान उत्पन्न कठिनाईयों के कारण शैक्षिक सत्र का नियमित संचालन प्रभावित हुआ, जिसे नियमित करने के प्रयास विगत वर्षों से किये जा रहे हैं। शैक्षिक सत्र के नियमित न होने के कारण उत्पन्न कठिनाईयों को दूर करने हेतु एक निश्चित कार्यविधि एवं समय सारिणी का निर्धारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

4. उक्त के दृष्टिगत प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित वार्षिक पद्धति एवं सेमेस्टर पद्धति (विषम एवं सम-सेमेस्टर) हेतु शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए शैक्षिक कैलेंडर का निम्नवत निर्धारण किया जाता है:-

## शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु निर्धारित समय - सारिणी /शैक्षिक कैलेंडर

| क्र0 सं0 | कार्य विवरण | निर्धारित समयावधि (विषम सेमेस्टर) | निर्धारित समयावधि (सम सेमेस्टर) | निर्धारित समयावधि (वार्षिक परीक्षा) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पठन-पाठन एवं अन्य क्रियाकलाप | 15 जुलाई, 2025 से 10 नवम्बर 2025 तक | 01 जनवरी 2026 से 28 अप्रैल 2026 तक | 15 जुलाई, 2025 से 28 अप्रैल 2026 तक |
| 2. | नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं का पाठन-पाठन | 01 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ | - | 01 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ |
| 3. | नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं हेतु नामांकन आवेदन पत्र | 01 सितम्बर, 2025 से 15 सितम्बर, 2025 तक | - | 01 सितम्बर, 2025 से 15 सितम्बर, 2025 तक |
| 4. | परीक्षा फॉर्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की तिथि (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) | 15 अक्टूबर, 2025 से 25 अक्टूबर, 2025 तक | 15 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक | 15 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक |
| 5. | अनुक्रमांक आंवटन सहित नामावली ऑनलाइन जारी करने की तिथि | 01 नवम्बर, 2025 से 05 नवम्बर, 2025 तक | 15 अप्रैल, 2026 से 20 अप्रैल, 2026 तक | 15 अप्रैल, 2026 से 20 अप्रैल, 2026 तक |
| 6. | ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि | 06 नवम्बर, 2025 से 08 नवम्बर, 2025 तक | 20 अप्रैल, 2026 से 23 अप्रैल, 2026 तक | 20 अप्रैल, 2026 से 23 अप्रैल, 2026 तक |
| 7. | सेशनल अंको की ऑनलाइन फीडिंग प्रक्रिया | 20 नवम्बर, 2025 से 30 नवम्बर, 2025 तक | 05 मई, 2026 से 15 मई, 2026 तक | 05 मई, 2026 से 15 मई, 2026 तक |
| 8. | प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम (परीक्षा क्रियान्वयन एवं ऑनलाइन फीडिंग) | 10 दिसम्बर, 2025 से 24 दिसम्बर, 2025 तक | 25 मई, 2026 से 10 जून, 2026 तक | 25 मई, 2026 से 10 जून, 2026 तक |
| 9. | सैद्धांतिक परीक्षा | 16 नवम्बर, 2025 से 09 दिसम्बर, 2025 तक | 01 मई, 2026 से 24 मई, 2026 तक | 01 मई, 2026 से 24 मई, 2026 तक |
| 10. | औद्योगिक प्रशिक्षण (Internship) | - | 10 जून, 2026 से 10 जुलाई, 2026 तक | 10 जून, 2026 से 10 जुलाई, 2026 तक |
| 11. | सेमेस्टर ब्रेक | प्रयोगात्मक परीक्षा समाप्ति के पश्चात 31 दिसम्बर, 2025 तक | प्रयोगात्मक परीक्षा समाप्ति के पश्चात 14 जुलाई, 2026 | प्रयोगात्मक परीक्षा समाप्ति के पश्चात 14 जुलाई, 2026 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | तक | तक |
| 12. | मूल्यांकन कार्य | 10 दिसम्बर 2025 से 10 जनवरी, 2026 तक | 25 मई, 2026 से 25 जून, 2026 तक | 25 मई, 2026 से 25 जून, 2026 तक |
| 13. | परीक्षाफल | अधिकतम 31 जनवरी 2026 तक | अधिकतम 14 जुलाई 2026 तक | अधिकतम 14 जुलाई 2026 तक |

परिषद विनियमावली-2016 (प्रथम संशोधन) के विनियम-3(क) में वर्णित शैक्षिक कैलेन्डर के अनुसार प्रत्येक सेमेस्टर में न्यूनतम 90 प्रभावी शैक्षणिक दिन होने का प्रावधान हैं। इस प्रकार 15 जुलाई, 2025 से 08 नवम्बर, 2025 तक के विषम सेमेस्टर मे लगभग 28 सार्वजनिक अवकाश (रविवार सहित) हैं, और 91 प्रभावी शैक्षणिक दिन कक्षाएं सम्पादित होंगी, 01 जनवरी, 2026 से 28 अप्रैल, 2026 तक के सम सेमेस्टर में लगभग 30 सार्वजनिक अवकाश (रविवार सहित) हैं, और 90 प्रभावी शैक्षणिक दिन कक्षाएं सम्पादित होंगी तथा 15 जुलाई, 2025 से 23 अप्रैल, 2026 तक के वार्षिक परीक्षा में लगभग 58 सार्वजनिक अवकाश (रविवार सहित) हैं, और 181 प्रभावी शैक्षणिक दिन कक्षाएं सम्पादित होंगी।

5. कृपया शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु प्रदेश के समस्त राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की पॉलिटेक्निक संस्थाओं के लिए निर्धारित उक्त शैक्षिक कैलेंडर में अंकित कार्ययोजना, कार्याविधि एवं समय-सारिणी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by Narendra Bhooshan
(नरेन्द्र भूषण)
अपर मुख्य सचिव [illegible]2025 13:22:05

<u>संख्या व दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, मा० मंत्री, प्राविधिक शिक्षा उ०प्र० को मा० मंत्री के अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उ०प्र० लखनऊ को अध्यक्ष महोदय का अवगतार्थ।
3. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. अध्यक्ष, ए०आई०सी०टी०ई/पी०सी०आई०, नई दिल्ली।
5. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद्, लखनऊ।
6. निदेशक, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, लखनऊ।
7. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद्, लखनऊ।
8. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुंदेलखंड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नरेन्द्र भूषण)
अपर मुख्य सचिव।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

ईमेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की,
इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की संस्थाएँ।

पत्रॉक: प्राशिप/अनु0-06/नव0 2025-26/3902 लखनऊः दिनॉक: 10/10/2025

विषय: शैक्षिक सत्र 2025-26 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के उपरान्त केवल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम हेतु नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का नामांकन किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के माध्यम से प्राप्त सत्र 2025-26 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के विवरण (डाटा) के आधार पर केवल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम हेतु प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सत्र 2025-26 के नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन की प्रकिया हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध संस्था लॉगिन पर लिंक ENROLLMENT FORM (FOR NEWLY ENROLLED STUDENTS SESSION 2025-26) **दिनांक 13/10/2025 से 25/10/2025 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक खोला जा रहा है।**

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि प्राथमिकता के आधार पर छात्र/छात्राओं का नामांकन की कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में नामांकन हेतु पोर्टल नही खोला जायेगा। यहॉ यह भी अवगत कराना है कि यदि कोई भी छात्र/छात्रा नामांकन फार्म भरने से वंचित रह जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0 सं0: प्राशिप/अनु0-06/नव0 2025-26/3903-06 तद् दिनॉक: 10/10/2025

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के प्रधानाचार्य/निदेशक को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

<u>अतिमहत्वपूर्ण/विशेषध्यानकर्षण/ईमेल द्वारा।</u>

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/पीपीपी0 मोड,
निजी क्षेत्र की संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप/अनु06/वि0से0परी0/2025/3989 लखनऊः दिनांकः–15.10.2025

विषयः विषम सेमेस्टर/स्पे0 बैक पेपर, परीक्षा नवम्बर–दिसम्बर 2025 के संबंध में अध्ययनरत छात्र/छात्रओं का नामाकंन एवं पाठयचर्या समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन लखनऊ के शासनादेश संख्या।/869158/2025/16–3099/12/2019, दिनांक 03/02/2025 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से विषम सेमेस्टर परीक्षा/स्पे0 बैक पेपर परीक्षा दिनांक 16/11/2025 से 09/12/2025 के मध्य आयोजित कराने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

अतः परिषद पत्र संख्या प्राशिप/अनु06/नव0 2025–26/3902, दिनांक 10/10/2025, जो शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन किये जाने के संबंध में प्रेषित किया गया है के कम में दिनांक 25/10/2025 तक प्रत्येक दशा में अपनी संस्था में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का नामांकन कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। परिषद द्वारा नामांकन हेतु तिथि विस्तार नहीं किया जायेगा, चूंकि परिषद द्वारा अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म भराने हेतु पोर्टल दिनांक 26/10/2025 से 02/11/2025 तक खोला जाना निर्धारित है।

साथ ही साथ यह भी अवगत कराना है कि अध्ययनरत छात्र/छात्रओं के परीक्षा फार्म पूर्व की भांति स्टूडेन्ट लॉगिन के माध्यम से निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान करते हुए ही भराये जायेगें। अतः निर्देशित किया जाता है कि अध्ययनरत छात्र/छात्रओं की अतिरिक्त कक्षायें लगाकर पाठयकम समयान्तर्गत दिनांक 10/11/2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ताकि शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुकम में परिषद द्वारा समयान्तर्गत परीक्षा आयोजित करायी जा सके।

**संलग्नक– यथोपरि।**

भवदीय
(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

**पृ0सं0 प्राशिप/अनु06/वि0से0परी0/2025/3990–93 तद्दिनांकः–15.10.2025**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. **महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।**
2. **निदेशक ,प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर।**
3. **संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को उपरोक्त के संबंध संबंध में निर्देशित करने का कष्ट करें।**
4. **प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।**

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।